To

Local Audit Department
H.P., Shimla-
02 JAN 2017

The Public Information Officer(RTI),
Directorate of Local Audit Department,
Himachal Pradesh Shimla-9.
Dated:27th December, 2016.

**Sub: Information under RTI Act, 2005.**

Respected Sir,

Kindly supply the following information under RTI Act, 2005. I hereby enclosed the IPO No **36F225367** dated 27.12.2016of Rs.10/-.

**"Supply the copy of Audit report of Shri Shoolini Temple Trust, Solan for the period of Calender Year 2014."**

**Thanking You.**

**Yours faithfully,**

Deepak

Deepak Kumar,
House No.206, Phase-1,
Near Housing Board Colony,
Saproon, Solan, H.P. PIN 173211.

30/12

30/12

-60-

1-515/2005 Fin (LA) Vol-8 048

Government of Himachal Pradesh,
Local Audit Department

From:

Director,
Local Audit Department,
Himachal Pradesh Shimla-171009

To

Shri Deepak Kumar,
House No. 206, Phase-1,
Near Housing Board Colony,
Saproon, Solan, H.P. Pin- 173211.

Dated : Shimla -9 the 04 JAN 2017

**Subject:** **Information under RTI Act, 2005.**

Sir,

I am to refer to your letter No. nil dated 27.12.2016 (received in this office on dated 02.01.2017) vide which you have demanded the copy of the Audit Report of Shri Shoolini Temple Trust, Solan for the calendar year 2014 and to say that this department has audited the accounts of the said trust for the period of 01.01.2012 to 31.12.2014 in one single audit and the Audit Report thereof consist of 35 (Thirty Five) A-4 size pages which can be supplied to you on deposit of further fees of Rs. 111 (in case you desire the information via registered mail) or Rs. 94 (via ordinary mail) worked out as under:

| | | Ordinary Post | Registered Post |
|---|---|---|---|
| Application Fees | | Rs. 10 | Rs.10 |
| Fees for information | | Rs.70/- (35 pages @ Rs.2) | Rs.70/- (35 pages @ Rs.2) |
| **Postage Charges** | | | |
| For this letter **(Ordinary post)** | - | 5 | 5 |
| For subsequent communication via **Ordinary post** | 19 | 19 | ---- |
| For subsequent communication via **Registered post** | 36 | ----- | 36 |
| **Total Fees** | | 104 | 121 |
| **Less** Fees already paid Rs.10 | | 10 | 10 |
| **Fees now payable** | | **94** | **111** |

However, the said audit report is also available on the official website of this department.

Yours faithfully,

Public Information Officer-
Cum- Additional Director
Local Audit Department,
H.P.Shimla-171009.

Local Audit Department
450
19 JAN 2017

To

The Public Information Officer(RTI)-cum-
Additional Director,
Local Audit Department,
H.P.Shimla-9.

Sub: Information under RTI Act, 2005.

Sir,

Kindly refer to your office letter No.1-515/2005 Fin(LA)Vol-8-048 dated 4th January, 2017. I'm enclosing herewith the fee of Rs.100/-(Rupees One Hundred Only) in the shape of IPO No.49H 734189 and request you to supply the copy of the Audit report of Shri Shoolini Temple Trust, Solan for the calendar year 2014.

'Thanking You'.

Yours faithfully,

Encls:IPO No.49H 734189 Rs.100/-

Deepak

Deepak Kumar,
House No.206, Phase-1,
Near Housing Board Colony,
Saproon, Solan H.P.

19/01

19/1

AA-I

No. 1-515/2005 -Fin (LA)-Vol-8 — 344
Government of Himachal Pradesh,
*Local Audit Department.*

From;

The Director
Local Audit Department
Himachal Pradesh, Shimla-171009.

To

Shri Deepak Kumar,
House No. 206, Phase-1,
Near Housing Board Colony,
Saproon, Solan, H.P. Pin-173211.

Dated, Shimla-171009, the 23 JAN 2017 2017

**Subject:-** **Information under the RTI Act, 2005.**

Sir,

With reference to your RTI application No. Nil dated 27.12.2016 (received in this office on 02.01.2017) and subsequent deposit of Rs. 100 on account of further fees by you vide your letter No. Nil dated Nil (received in this office on 19.01.2017) find enclosed herewith the information as requested by you consisting of 35 No. of A- 4 size pages.

**In case you are not satisfied with this information you may prefer an appeal before Shri Dev Dutt Sharma, Director, Local Audit Department, H.P. Shimla-9-the designated appellate authority within next 30 days.**

Yours faithfully,

**(Anil Sharma)**
Public Information Officer-cum-
Additional Director,
Local Audit Department,
HP Shimla-9.
**Phone No. 0177-2620046**

**Encl. As above (Page 1 to 35)**

*****

(242)

# माँ शूलिनी माता मन्दिर ट्रस्ट सोलन, तहसील व जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.01.2012 से 31.12.2014

भाग—एक

1 **प्रारम्भिकः—**

(क) हिमाचल प्रदेश हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एव विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23 (2) (c)(ii) के अन्तर्गत तथा वित्तायुक्त एवं सचिव (एल०ए०सी०) हिमाचल प्रदेश सरकार की विज्ञपति संख्याः भाषा (ए)(3)/85—पार्ट—II, दिनॉक 17.01.89 के अनुसार, हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं एवं पूर्त विनियासों के अंकेक्षण का दायित्व परीक्षक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश को सौपे जाने के दृष्टिगत, माँ शूलिनि माता मन्दिर ट्रस्ट, सोलन (हि०प्र०) के अवधि 01.01.2012 से 31.12.2014 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नविवरणानुसार मन्दिर आयुक्त, मन्दिर उपायुक्त एवं मन्दिर अधिकारी न्यास में कार्यरत्त रहेः—

| मन्दिर आयुक्त | कार्यकाल | मन्दिर उपायुक्त | कार्यकाल | मन्दिर अधिकारी | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री सी०पाल रासु | 29-11-11 से 29-04-12 | श्री आर के शर्मा | 05-11 से 05-12 | श्री धनदीप ठाकुर | 09-09 से 16-08-12 |
| श्रीमती मीरा मोहंती | 30-04-12 से 01-07-13 | श्री हरबंस सिंह नेगी | 05-12 से 01-13 | श्रीमती कविता ठाकुर | 03-09-12 से 14-08-14 |
| श्री मदन चौहान | 02-07-13 से | श्री टसी संडूप | 01-13 से 03-01-15 | श्री जिया लाल चौहान | 14-08-14 से |

(ग) माँ शूलिनी माता मन्दिर ट्रस्ट, सोलन के अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.01.2012 से 31.12. 2014 में समाविष्ट मुख्य पैरों का सारः—

| कमांक | पैरा संख्या | पैरे करशशीर्ष | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 9 (ग) | माता के छत्रों, दरबार तथा चोम्बे के निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनियमितताओं बारे | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 2 | 12 | सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना नियुक्तियां किये जाने बारे | विवरण पैरे में दिया गया है |

(घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट "क" पर दर्शाई गई है।



Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

(243)

## भाग—दो

2 **वर्तमान अंकेक्षण:—**

मन्दिर न्यास के अवधि 01.01.2012 से31.12.2014 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण, श्री पुनीश सागर, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा माँ शूलिनी माता मन्दिर ट्रस्ट, के सोलन स्थित कार्यालय में किया गया। आय की विस्तृत जाँच हेतु माह 7/12, 6/13 तथा 6/14 एवं व्यय की विस्तृत जाँच हेतु माह 7/12, 8/13 तथा 6/14 के लेखाओं का चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा कोई सूचना उपलब्ध न करवाने अथवा गलत सूचना उपलब्ध करवाए जाने पर पाई गई अनियमितताओं एवं त्रुटियों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

3 **अंकेक्षण शुल्क:—**

मन्दिर न्यास के अवधि 1.01.2012 से 31.12.2014 के लेखाओं के वर्तमान अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹26000/—बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—9 को भेजने हेतु अनुभाग अधिकरी (ले0प्र0) के पत्र संख्या 07 दिनाँक 17.04.15 द्वारा मन्दिर ट्रस्ट से अनुरोध किया गया था तथा मन्दिर ट्रस्ट द्वारा उक्त राशि का भुगतान निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—09 को रेखाकित बैंक ड्राफ्ट संख्या "94153" दिनाँक 25.04.14 (Indus Land Bank) द्वारा कर दिया गया है।

4 **वित्तीय स्थिति:—**

मन्दिर न्यास द्वारा प्रस्तुत न्यास के अवधि 01.01.2012 से 31.12.2014 लेखों की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है, जिसका विस्तृत विवरण तथा परिशिष्ट "ख" पर भी संलग्न है।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | आय | ब्याज से आय | कुल योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.01.12 से 31.12.12 | 1,40,83,136 | 45,32,705 | 14,21,734 (13,38,390+83,344) | 2,00,37,575 | 50,47,806 | 1,49,89,769 |
| 1.01.13 से 31.12.13 | 1,49,89,769 | 38,87,551 | 14,20,451 (12,70,516+1,49,935) | 2,02,97,771 | 12,53,869 | 1,90,43,902 |
| 1.01.14 से 31.12.14 | 1,90,43,902 | 52,71,213 | 18,32,207 (17,48,787+83,420) | 2,61,47,322 | 18,59,673 | 2,42,87,649 |

Information supplied under RTI Act to :

Name of the applicant Sh. Deepak Kumar

Whether BPL or not : not



PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009, etc

(244)

| अन्तशेष का विवरण:– | | |
|---|---|---|
| दिनाँक 31.12.14 को बैंक (बचत खाते) के अनुसार शेष | (परिशिष्ट "ख") | 17,03,694 |
| दिनाँक 31.12.14 को सावधि खातों में जमा राशि | (परिशिष्ट "ख") | 2,25,83,361 |
| दिनाँक 31.12.14 को हस्तगत रोकड़ शेष | | 594 |
| दिनाँक 31.12.14 को बैंक (बचत खाते) तथा सावधि जमा तथा हस्तगत के अनुसार शेष | | 2,42,87,649 |
| दिनाँक 31.12.14 को वित्तीय स्थिति के अनुसार शेष एवं रोकड़ बही, बैंक (बचत खाते) तथा सावधि जमा के शेष में अंतर (1–5) | | शून्य |

5 **बैंक समाधान विवरणी:–**

मन्दिर न्यास द्वारा उपलब्ध करवाई गई न्यास की दिनाँक 31.12.14 की बैंक समाधान विवरणी **(यथा परिशिष्ट "ख–i")** पर संलग्न है।

6 **सावधि जमा योजना से निवेश:–**

मन्दिर न्यास द्वारा दिनाँक 31.12.14 को किये गये सावधि जमा योजना में निवेश का विवरण यथा **(यथा परिशिष्ट "ख–ii")** पर दिया गया है।

7 **बैंक खातों के रख–रखाव के बारे में:–**

मन्दिर न्यास द्वारा दिनाँक 31.12.14 तक बघाट अर्बन कोपरेटीव बैंक, सोलन (हि०प्र०) में बचत तथा सावधि जमा से सम्बन्धित कुल 9 खाते खुलवा रखे थे। इस सन्दर्भ में सुझाव दिया जाता है कि सरप्लस फंडस का निवेश करते समय हि०प्र० सरकार की पत्र संख्या फिन–आई०एफ (ए) 1–69/91–V, फाईनैंस डिपार्टमेंट (आई.एफ) दिनाँक, शिमला–171002, 17.04.14 में दिए गये निर्देशों का अनुसरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

8 **रोकड़ बही एवं रोकड़ सग्रह रजिस्टर के रख–रखाव बारे:–**

**(क)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रोकड़ बही में दिनाँक 20.05.12 से 07.09.12 तक (पृष्ठ संख्या 91 से 94 तथा 127 इत्यादि पर) ओवर–राईटिंग तथा कटिंग्स की गई थी तथा इन ओवर राईटिंगस/कटिंगस को सक्षम अधिकारी से सत्यापित नहीं करवाया गया था। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए एवं सम्बन्धित प्रविष्टियों को DDO से सत्यापित करवाकर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इस अनियमितता की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।



Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

(245)

(ख) अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रोकड़ बही में वाउचर संख्या अंकित नहीं की जा रही है। अतः रोकड़ बही में वाउचर संख्या का अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(ग) वर्ष 2012 के पश्चात के रोकड़ संग्रह रजिस्टर की पड़ताल पर पाया गया कि रजिस्टर में संलग्न पृष्ठों की कुल संख्या तथा रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित नही किया गया था। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 अब अपेक्षित आवश्यक कार्यवाई भी करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

9 सोना एवं चांदी:–

**(क) अंकेक्षण अवधि से सम्बन्धित सोने एवं चांदी की स्थिति यथा परिशिष्ट "ग–1" तथा "ग–2" पर संलग्न है।**

**(ख) सोने एवं चांदी से सम्बन्धित अभिलेख का सही अनुरक्षण (maintainance) न करना:–**

सोने एवं चांदी के रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों के अवलोकन पर पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान 14.400 ग्राम सोने तथा 9.545 किलोग्राम चांदी की प्राप्ति दर्शाई गई थी, परन्तु यह प्राप्तियां किन किन तिथियों को किन रसीदों के अंतर्गत किस–किस स्वरूप में कितनी–कितनी मात्रा में प्राप्त की गई थी तथा किस प्रकार उपरोक्त सोने एवं चांदी की मात्राओं की गणना की गई थी, इससे सम्बन्धित कोई भी विवरण रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। परिणामस्वरूप सोने एवं चांदी की प्राप्त उपरोक्त मात्राओं के सही होने बारे पुष्टि नहीं की जा सकी। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी उक्त प्रकार की अनियमितताओं बारे आपत्ति उठाई गई थी परन्तु अभी तक इन्हें दूर करने हेतु कोई भी कार्यवाई नही की गई। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 अब इस बारे अपेक्षित कार्यवाई करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में उक्त अनियमितता की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

**(ग) माता के छत्रों, दरबार तथा चोम्बे के निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनियमितताओं बारे:–**

मन्दिर न्यास द्वारा **परिशिष्ट "ग–1" तथा "ग–2"** पर उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अवलोकन के उपरान्त पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा माता के चांदी के 9 छत्रों का निर्माण कार्य करवाया गया था, जिसके लिए 3.663 किलोग्राम चांदी जारी की गई थी। इसके अतिरिक्त 34.850 ग्राम सोने की मात्रा भी चांदी से निर्मित उक्त छत्रों पर पोलिश करवाने हेतु जारी की गई थी। सोने के पोलिश करने के उपरान्त इन छत्रों का भार 3.694 किलोग्राम (2.063. 500 कि.ग्राम के 8 छोटे छत्र) +(1.630.500 कि0ग्राम का 1 बड़ा छत्र) दर्शाया गया था, जोकि जारी की गई चांदी की मात्रा से 21 ग्राम (3.694–3.663) अधिक है। इस से ऐसा प्रतीत होता है



Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

कि सोने की जारी की गई मात्रा 34.850 ग्राम में से केवल 21 ग्राम का चांदी से निर्मित छत्रों पर पोलिश करने के लिए उपयोग किया गया था परन्तु शेष सोने मात्रा (34.850–21.000=13.850 ग्राम) के बारे में कोई भी अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया गया। इसके अतिरिक्त छत्रों के निर्माण हेतु जारी की गई चांदी की मात्रा में से वास्तव में कितनी Wastagee हुई, इस से सम्बन्धित भी सक्षम तकनीकी प्राधिकारी द्वारा सत्यापित कोई भी अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नही किया गया, जिस कारण छत्रों के निर्माण कार्य के दौरान Wastage के सही होने की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः इस सन्दर्भ में चांदी के 9 छत्रों के निर्माण हेतु दर्शाई गई Wastege का पूर्ण विवरण तथ्यों सहित दिया जाए। इसके अतिरिक्त माता के दरबार के निर्माण हेतु दिनाँक 11.07.14 को 5.492 किलोग्राम चांदी तथा माता के चोम्बे के निर्माण हेतु दिनाँक 03. 06.14 को 0.390 किलोग्राम चांदी कारीगरों को जारी की गई थी, जोकि उनके पास ही पड़ी थी क्योंकि ये निर्माण कार्य अभी पुर्ण नहीं हुए थे यद्यपि इसके लिए काफी समय हो चुका है तथा ये कार्य अभी तक पूर्ण हो जाने चाहिए थे।

**(घ) चाँदी के 9 छत्रों के भार की मात्रा 3.684 को अन्तिम शेष में सम्मिलित न करने के अतिरिक्त माता के दरबार के निर्माण हेतु जारी चाँदी की 5.492 कि०ग्राम तथा माता के चोम्बे के निर्माण हेतु जारी चाँदी की मात्रा 0.390 कि०ग्रा० को कारीगरों से वापिस न लेने के कारण इन्हें अन्तिम शेष की मात्रा में सम्मिलित न करना:–**

अंकेक्षण को **परिशिष्ट "ग–1"** तथा **"ग–2"** पर उपलब्ध करवाई गई जानकारी से प्रतीत होता है कि यद्यपि मन्दिर न्यास द्वारा तैयार करवाए गए चाँदी के 9 छत्रों के भार की मात्रा 3. 684 ग्राम को **परिशिष्ट "ग–2"** पर दर्शाया गया है परन्तु चांदी के छत्रों के भार की उक्त 3.684 ग्राम की मात्रा को **परिशिष्ट "ग–1"** के चांदी के अन्तिम शेष मात्रा से सम्मिलित नही किया गया हैं, जिसे चांदी के अन्तिम शेष की मात्रा में सम्मिलित किया जाए। इसके अतिरिक्त चांदी से निर्मित माता के दरबार एवं चोम्बे को भी शीघ्र सम्बन्धित कारीगरों से वापिस लेकर मन्दिर भण्डार में जमा करवाया जाए तथा माता के निर्मित छत्रों, दरबार तथा चोम्बे के भार की मात्रा को अन्तिम शेष में दर्शाकर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

**(ङ) माता के छत्र, दरबार तथा चोम्बे के निर्माण हेतु नियमों में निर्धारित सीमा से अधिक चांदी का उपयोग / जारी करना:–**

हि०प्र० हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं विन्यास अधिनियम, 1984 की [illegible] धारा 12–ए (2)(B) (i) के प्रावधानानुसार मन्दिर से सम्बन्धित विभिन्न कार्य करवाने हेतु चांदी की उपलब्ध मात्रा का 20% ही उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार अंकेक्षण अवधि के दौरान मन्दिर न्यास द्वारा, उक्त प्रावधानानुसार केवल 7.890 किलोग्राम (39.448.800 किलोग्राम का



Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009. [illegible]

(247)

20%) चांदी का ही उपयोग किया जा सकता था, परन्तु न्यास द्वारा (परिशिष्ट "ग–1" तथा "ग–2") के अनुसार इन कार्य हेतु 9.545 किलोग्राम चांदी जारी की गई थी, जोकि निर्धारित सीमा से 1.655 किलोग्राम (9.545–7.890) अधिक है। अतः माता के छत्रों, दरबार तथा चोम्बे के निर्माण हेतु निर्धारित सीमा से 1.655 किलोग्राम अधिक जारी की गई/उपयोग की गई चांदी बारें स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस अनियमितता को सक्षम प्राधिकारी से नियमित करवाकर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

**(च) हि0प्र0 हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवंम विन्यास अधिनियम, 1984 की एक्ट की धारा 12–ए (2)(B) (iii) के प्रावधानों को लागू न करना:–**

हि0प्र0 हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवंम विन्यास अधिनियम, 1984 की धारा 12–ए (2)(B) (iii) के प्रावधानानुसार 60% चांदी को सिक्के में ढाल कर श्रद्धालुओं को वर्तमान मूल्य पर विक्रय किया जाना अपेक्षित था, परन्तु अंकेक्षण को प्रस्तुत अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि इन प्रावधानों को अमल में नहीं लाया गया था, जिसके कारण जहाँ न्यास एक्ट के प्रावधानों को लागू करने में विफल रहा है वहीं इन प्रावधानों को लागू करने से होने वाली आय/लाभों से भी वंचित होना पड़ रहा है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 अब उक्त अन्य प्रावधानों को अविलम्ब लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(छ) हि0प्र0 हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवंम विन्यास अधिनियम, 1984 की धारा 12–ए (ii) के प्रावधानों को लागू न करना:–**

हि0प्र0 हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवंम विन्यास अधिनियम, 1984 की एक्ट की धारा 12–ए (ii) के प्रावधानानुसार 20% सोना भारतीय स्टेट बैंक की गोल्ड बांड स्कीम में निवेश करना अपेक्षित था, परन्तु अंकेक्षण को प्रस्तुत अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि इन प्रावधानों को अमल में नहीं लाया गया था, जिसके कारण जहाँ न्यास एक्ट के प्रावधानों को लागू करने में विफल रहा है वहीं इन प्रावधानों को लागू करने से होने वाली आय से भी वंचित होना पड़ रहा है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 उक्त प्रावधानों को अविलम्ब लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

10 रसीद बुकस के इस्तेमाल में हो रही अनियमितताओं बारे:–

**आय की पड़ताल के दौरान रसीद बुकों के इस्तेमाल में निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई:–**

(क) मन्दिर न्यास द्वारा तैयार किए गए रसीद स्टॉक रजिस्टर के अवलोकन पर पाया गया कि इस रजिस्टर का अनुरक्षण सही प्रकार से नहीं किया जा रहा था। स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 1 से 8 में न तो रसीद बुकों के आरम्भिक शेष को दर्शाया गया था और न ही अंकेक्षण अवधि के दौरान कितनी रसीद बुकें कब–कब छपवाई गई तथा किस–किस तिथि को जारी की

Information supplied under RTI Act to :



Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not

PIO-cum-Additional Director.
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

गई इत्यादि, से सम्बन्धित कोई भी विवरण दर्ज था तथा न ही रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों एवं विभिन्न मूल्यवर्ग (**denomination**) की रसीद बुकों के दर्शाए गये शेषों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया था।

**(ख)** अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि रसीद बुकों के आरम्भ में रसीद बुक में संलग्न रसीदों की संख्या को भी सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित नही किया जा रहा था। इस प्रकार की अनियमितता से सम्बन्धित कुछ प्रकरण निम्नानुसार है:—

| कमांक | चयनित माह | रसीद संख्या | रसीद बुक का शीर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | 07/12 | 201 से 300 | 1000 |
| 2 | 06/13 | 301 से 400 | 1000 |
| 3 | 06/14 | 501 से 600 | 1000 |
| 4 | 07/12 | 201 से 300 | 501 |
| 5 | 06/13 | 1201 से 1300 | 101 |
| 6 | 06/13 | 601 से 700 | 51 |
| 7 | 06/14 | 901 से 1000 | 51 |

अतः मन्दिर न्यास द्वारा अपने स्तर पर रसीद बुकस के स्टॉक की विस्तृत पड़ताल करके तथा उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में नियमानुसार कृत कार्रवाई के उपरान्त अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इन अनियमितता की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## 11 गल्ले से प्राप्त आय को सत्यापित न करवाने बारे:—

चयनित मासों में प्राप्त आय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्न प्रकरणों में गल्ला खोले जाने पर प्राप्त आय को उस समय वहां उपस्थिति सभी सदस्यों से हस्ताक्षर प्राप्त करके सत्यापित नहीं करवाया गया था। उक्त सत्यापन के अभाव से प्राप्त आय के सही होने बारे पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 अब अपेक्षित कार्रवाई करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इस अनियमितता की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

| दिनॉक/माह | गल्ला रजिस्टर की पृष्ठ संख्या | प्राप्त आय |
|---|---|---|
| 02.07.12 | 105/106 | 7,08,352 |
| 19.06.13 | 119/120 | 2,44,231 |
| 27.06.13 | यथोपरि | 6,52,953 |
| 18.06.14 | 133/134 | 2,11,535 |
| 25.06.14 | 135/136 | 7,17,490 |

Information supplied under RTI Act to:
Name of the applicant: Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not: not



PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

(249)

12 सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना नियुक्तियां किये जाने बारे:–

(क) हिमाचल प्रदेश हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 3 सहपठित धारा 5(4) के अनुसार दैनिक भोगियों कर्मचारियों की नियुक्तियों से सम्बन्धित शक्तियाँ केवल हि0प्र0 सरकार व मुख्य आयुक्त (मन्दिर) के पास निहित है जिसके अनुसार मन्दिर ट्रस्ट में स्टाफ की भर्ती सरकार की अनुमति/आदेशों के अन्तर्गत की जानी अपेक्षित थी। मन्दिर न्यास द्वारा **परिशिष्ट "घ–1"** पर उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अनुसार दैनिक भोगियों कर्मचारियों जिनकी नियुक्तियाँ वर्ष 2005 तथा 2006 में की गई थी, को अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नानुसार ₹6,72,030 दैनिक वेतन का भुगतान किया गया था:–

| वर्ष | राशि |
|---|---|
| 2012 | 191430 |
| 2013 | 219000 |
| 2014 | 261600 |
| कुल योग | ₹6,72,030 |

उपरोक्त दैनिक भोगी कर्मचारियों जिनको यह दैनिक वेतन का भुगतान किया गया था, उनकी नियुक्तियों किये जाने से सम्बन्धित सरकार की अनुमति गत अंकेक्षण के दौरान भी नही दर्शाई गई थी तथा बिना सरकार की पूर्व अनुमति के यह नियुक्तियां किये जाने के कारण गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में पैरा संख्यां 6(ख) के अन्तर्गत भी इस बारे आपत्ति उठाई गई थी, परन्तु फिर भी इन नियुक्तियों से सम्बन्धित सरकार की अनुमति नहीं दर्शाई गई तथा ऐसा प्रतीत होता है कि अभी तक यह अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 सरकार की अनुमति प्राप्त करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ताकि दैनिक भोगियों को किये गये उपरोक्त भुगतान को उचित ठहराया जा सके।

(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान भी मन्दिर न्यास द्वारा की गई नियुक्तियों से सम्बन्धित **परिशिष्ट "घ–2"** पर उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अवलोकन पर पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा श्री चन्द्र शेखर की लेखापाल के पद ₹5000 प्रति मासिक के वेतन पर दिनाँक 01.02.2014 से नियुक्ति की गई थी तथा उनके वेतन को माह अगस्त/2014 से ₹6000 प्रति मासिक कर दिया गया था, परन्तु बार–2 आग्रह करने पर भी उनकी नियुक्ति से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति अंकेक्षण के अवलोकन हेतु प्रस्तुत नहीं की गई, जिससे यह प्रतीत होता है कि उनकी नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त ही नहीं की गई थी। अतः इस अनियमितता बारे भी स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 अब सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा



Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department
H.P., Shimla-171009

माह 2/14 से 12/14 के दौरान उन्हें किये गये ₹60,000 के वेतन के भुगतान, जिनका विवरण परिशिष्ट **"घ–2"** पर दिया गया है, को उचित ठहराया जा सके।

**13 बजट को सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित करवाए बिना ही मन्दिर न्यास निधि से ₹81,61,348 का व्यय करना:–**

हि0प्र0 हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 22 के प्रावधानानुसार मन्दिर न्यास का वार्षिक बजट आयुक्त एवम प्रबन्ध कोष समिति से अनुमोदित करवाना अपेक्षित होता है, परन्तु इस बारे चर्चा पर अवगत करवाया गया कि वार्षिक बजट आयुक्त एवम प्रबन्ध कोष समिति से अनुमोदित नही करवाया गया था, जोकि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। इस प्रकार अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नानुसार ₹81,61,348 का व्यय बिना बजट के अनुमोदन से किया गया जिसे अब सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्ति करके अनुमोदित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में ऐसी अनियमितता की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु ठोस कार्यवाई करनी सुनिश्चित की जाये।

| वर्ष | कुल व्यय |
|---|---|
| 2012 | 50,47,806 |
| 2013 | 12,53,869 |
| 2014 | 18,59,673 |
| **कुल योग** | **₹81,61,348** |

**14 हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को किये गये ₹77,00,800 के भुगतान से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करने बारे:–**

निम्नानुसार हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को माता शूलिनी माता मन्दिर से साथ भवन निर्माण हेतु दिनॉंक 16.2.12 को ₹10,00,000 तथा ₹26.5.12 को ₹32,00,800 का भुगतान किया गया था। इसके अतिरिक्त गत अंकेक्षण प्रतिवेदन की पैरा संख्या 13 के अनुसार हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को इसी कार्य हेतु दिनॉंक 4.11.09 को ₹10,00,000 तथा दिनॉंक 26.02.11 को ₹2500000 का भुगतान किया गया था, परन्तु अभी तक इस सन्दर्भ में किए गए कुल ₹77,00,800 के भुगतान से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग से प्राप्त नही किए गए है। अतः इस राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग से प्राप्त करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

| क0सं0 | चैक संख्या/दिनॉंक | राशि |
|---|---|---|
| 1 | 002130, 04/11/09 | 10,00,000 |
| 2 | 036590, 26/02/11 | 25,00,000 |
| 3 | 032339, 16/02/12 | 10,00,000 |
| 4 | 039288, 26/05/12 | 32,00,800 |
| | **कुल योग** | **₹77,00,800** |

Information supplied under RTI Act to :

Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar

Whether BPL or not : not.

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

## 15 सविदाकर को दैनिक मजदूरी की ₹3050 का अधिक भुगतान करना:-

व्यय की पडताल के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा श्री शलैन्द्र से मन्दिर के पेंट इत्यादि का कार्य करवाया गया था। मन्दिर के पेंट के कार्य की समाप्ति पर संविदाकार द्वारा मन्दिर के पेंट के कार्य में कार्यरत व्यक्तियों की दिहाडियों से सम्बन्धित जो दस्तावेज/बिल प्रस्तुत किए गए, उनका विवरण मन्दिर न्यास द्वारा **परिशिष्ट "ङ"** पर प्रस्तुत किया था, जिसकी पडलात के उपरान्त पाया गया कि सविदाकार को निम्नानुसार ₹3050 की दिहाडीयों का अधिक भुगतान किया गया था:-

| माह/राशि | कारीगर का नाम | अवधि जिसके लिए भुगतान किया गया दर्शाया गया। | जितने दिनों का भुगतान किया गया दर्शाया गया था। | इस अवधि के लिए जितने दिनों का भुगतान बनता था। | जितने अधिक दिनों का भुगतान किया गया था। | मजदूरी की दर | अधिक किया गया अनुचित भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/2014 /52,000/- [5000 (22.06.14)+47000(24.6.14)] - (कार्य पर अभिलेखानुसार कुल ₹92,000 व्यय आया था जिसमें से ₹40000 का भुगतान पहले कर दिया गया था। | श्री सुरज (मिस्त्री) | 20.05.14 से 19.06.14 | 35 | 31 | 4 | 450 | 1800 |
| | श्री अखिलेश (मिस्त्री) | 20.05.14 से 19.06.14 | 33 | 31 | 2 | 450 | 900 |
| | श्री मिन्नु (मजदूरी) | 20.05.14 से 19.06.14 | 32 | 31 | 1 | 350 | 350 |
| | | | | | | कुल योग | ₹3050 |

अंकेक्षण के दौरान मन्दिर न्यास के ध्यान में यह अनियमितता लाये जाने पर मन्दिर न्यास द्वारा सम्बन्धित संविदाकार से ₹3050 की वसूली, रसीद संख्या 3401 दिनाँक 26.03.15 द्वारा करके बैंक खाता संख्या 14447 में दिनाँक 27.03.15 को जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया गया। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता न दोहराई जाए।

Information supplied under RTI Act to :

Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar10

Whether BPL or not : not

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

(252)

16 **दैनिक वेतन की ₹300 का अधिक भुगतान करना:–**
वाउचर संख्या शुन्य दिनाँक 03.06.14 ₹23.600, रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 138

अंकेक्षण के दौरान अभिलेख की जाँच पर पाया गया कि उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार श्रीमती कुसुम (सफाई कर्मचारी) दिनाँक 20/5/14 तथा 21.05.14 को अनुपस्थित थी, परन्तु उन्हें माह 5/14 में पूरे माह के दैनिक वेतन का भुगतान (150X31= ₹4650) किया गया था, जबकि कार्य पर उपस्थिति के अनुसार उन्हें (150 X29=₹4350) ही देय थे। इस प्रकार उन्हें ₹4650–₹4350= ₹300 का अधिक भुगतान किया गया था। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उपयुक्त स्त्रोत से ₹300 की वसूली करके तथा मन्दिर न्यास निधि में जमा करवा कर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त उपरोक्त दो दिनों को अनुपस्थिति के मध्यनजर को उनको मिलने वाले आगामी रविवार के अवकाश से सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत किए जाएं।

17 **राजकीय मुद्रणालय शिमला से मुद्रण कार्य न करवाकर खुले बाजार से मुद्रण का कार्य करवाना:–**

लेखों की जाँच करने पर पाया गया कि मन्दिर ट्रस्ट द्वारा निम्नानुसार आमन्त्रण पत्र एवं हैंड बिल्स के मुद्रण का कार्य हिमालच प्रदेश राजकीय मुद्रणालय शिमला से न करवाकर खुले बाजार से करवाया था तथा बाजार से मुद्रण कार्य करवाये जाने से पूर्व कोई भी अनापत्ति प्रमाण पत्र भी राजकीय मुद्रणालय से प्राप्त नहीं किया था, जोकि निर्देशों के प्रतिकूल है। अतः मुद्रण का कार्य राजकीय मुद्रणालय से न करवाकर खुले बाजार से करवाए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व भविष्य में मुद्रण का कार्य राजकीय मुद्रणालय से ही करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| फर्म का नाम | रसीद/बिल संख्या/दिनाँक | विवरण | रोड़ बही पृष्ठ संख्या | माह | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्ज सहगल प्रिंटर्स एंड पैकर्स, सोलन | (i) 1835 दिनाँक 19.06.12 ₹11130<br>(ii)1834 दिनाँक 19.06.12 ₹36949 | आमन्त्रण पत्र तथा हैंड बिल्स कि प्रिंटिंग | 96 | 7/12 | 48,079 |



Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not
PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

(253)

18 नियमानुसार codal formalities पूर्ण किये बिना ही क्रय किये जाने बारे:-

(क) व्यय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित प्रकरणों में वस्तुओं के क्रय से पूर्व अवतरणें (quotations) आमंत्रित नहीं की गई थी, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार (वित्त रेगुलेशन) विभाग की अधिसूचना संख्या फिन (सी)ए(3) 5/2005, शिमला–171002 दिनाँक 12.9.09 के नियम 97 तथा 98 के निर्देशानुसार ₹3000 से अधिक मूल्य की वस्तुओं का क्रय अवतरणों के आधार पर ही किया जाना अपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि जिन प्रकरणों में अवतरणें प्राप्त की भी गई थी वहां भी वस्तुओं के क्रय के करते समय उक्त नियमानुसार विहित प्रक्रिया, जैसे कि अवतरण संग्रह करने के लिए समिति का गठन किया जाना, सीलबंद अवतरण प्राप्त करना, अवतरण खोले जाने पर क्रय समिति सदस्यों द्वारा सत्यापन किया जाना इत्यादि, अपनाई नहीं गई थी। अतः उपरोक्त अनियमितताओं बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 अब सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके इस अनियमितता को नियमित करवाकर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में वस्तुओं का क्रय नियमानुसार सम्पूर्ण विहित प्रक्रिया अपनाने के पश्चात ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0 सं0 | फर्म/व्यक्ति का नाम जिसे भुगतान किया गया | विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | माह | राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्ज़ सहगल प्रिंटर्स एंड पैकर्स, सोलन | आमन्त्रण पत्र तथा हैंड बिल्स की प्रिंटिंग (11,130+ 36,949) | 96 | 7/12 | 48,079 | नियमानुसार क्रय करने से पूर्व विहित प्रक्रिया जैसे कि क्रय समिति का गठन करना, क्रय समिति द्वारा अवतरण एकत्रित करना, अवतरणों का खोले जाने पर उनका सत्यापन करना, तुलनात्मक विवरणी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन करना आदि नहीं अपनाई गई थी। |
| 2 | विनय ट्रेडर्स सोलन। | भंडारे हेतु विभिन्न खादय सामग्रीयों के | 113 | 8/13 | 1,51,733 | अवतरणें प्राप्त नहीं की गई थी। |



Information supplied under RTI Act 05 :
Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar
Whether BPL or not : not.

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

(254)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्रय हेतु किया गया भुगतान। (38,634+51242+ 8568+53289 | | | | |
| 3 | आल टाइम एजेन्सी सोलन। | पॉलिश से सम्बन्धित वस्तुओं के क्रय के लिए भुगतान। | 138 | 6/14 | 42,950 | यथोपरि |
| 4 | श्री पुर्ण सिंह | माता का छत्र बनाने हेतु किया गया मजदूरी कार्य पर आया कुल व्यय का भुगतान (30,000+7,310) | 140 तथा 144 | 6/14 | 62,310 | यथोपरि |
| 5 | श्री रूपी लाल | लकडी की बल्लियों को किन्नौर से सोलन तक लाने हेतु किया गया किराए का भुगतान | 141 | 6/14 | 6000 | यथोपरि |
| 6 | श्री नन्द राम | ढोल, नगाड़े आदि बजाने हेतु किया गया भुगतान | 142 | 6/14 | 5000 | यथोपरि |
| 7 | श्री मनसा राम | लकडी की चिराई आदि हेतु किया गया भुगतान | 144 | 6/14 | 5000 | यथोपरि |
| 8 | श्रीमती मीना देवी। | कारीगरों के खाने के बिल का किया गया भुगतान | 144 | 6/14 | 3900 | यथोपरि |
| 9 | मैडर्ज आल टाइम एजेन्सीस सोलन। | पेंट के सामान के क्रय हेतु किया गया भुगतान (48,860+48,050) | 144 | 6/14 | 96,910 | यथोपरि |
| 10 | श्रीश्शलेंदर सिंह | मन्दिर के पेंट के कार्य हेतु मजदूरी का भुगतान (10000+ 30000+5000 +47000) | 138,141, 143 तथा 144 | 6/14 | 92000 | यथोपरि |
| 11 | रूपी लाल | माता की डोली बनाने हेतु किया गया मजदूरी का भुगतान। (कार्य पर आया कुल व्यय) 36,936 (माह के दौरान किया गया व्यय) (5000+20000+1500+1 0436) | 139,140, 143 तथा 143 | 6/14 | 41,936 | यथोपरि |
| | | | कुल योग | | 5,55,818 | |

Information supplied under RTI Act 05 :



Name of the applicant : Sh. Deepak Kumar

Whether BPL or not : not

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009, etc

255

